हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


अग्रसेन जयंती मनाने का उद्देश्य जन समाज कल्याण होना चाहिए: अग्रवाल

4




## नैला में म्यांमार के विश्व प्रसिद्ध श्वेत मंदिर की तर्ज पर सजा माता रानी का दरबार, कमल आसन पर विराजीं जगत जननी...







जांजगीर-चांपा। नैला के प्रसिद्ध दुर्गोत्सव में म्यांमार के श्वेत मंदिर की झलक दिख रही है। साथ ही दिल्ली के अक्षरधाम स्वर्ण मंदिर की तर्ज पर अंदरूनी सजावट की गई है। पंडाल की सजावट और मां दुर्गा की मनोहारी प्रतिमा के दर्शन करने बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

## खबर संक्षेप

### झलमला को मिली बिजली समस्या से राहत, तरौद फीडर से जोड़ा गांव

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झलमला के ग्रामीणों को करीब एक साल से बिजली की कटौती की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्रामीण लगातार प्रशासन से गुहार लगा रहे थे। आखिरकार उनकी मेहनत रंग लाई और गांव को तरल फीडर से जोड़ दिया गया है। बिजली समस्या से छुटकारा मिलने पर पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### 12 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**फगुरम।** फगुरम क्षेत्र में में एक युवक के कब्जे से 12 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। इस संबंध में फगुरम पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 सितंबर को ग्राम कुधरी निवासी प्रताप सिंह चौहान अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु अपने घर आंगन में रखने की जानकारी मुखबिर के माध्यम से मिली। छापामार कार्रवाई के दौरान ग्राम कुधरी निवासी प्रताप सिंह चौहान पिता रामदीन उम्र 56 वर्ष के कब्जे से 4 हरा रंग के 2 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक बाटल मे भरा 8 लीटर एवं 2 सफेद रंग के 2 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक बाटल में भरा 4 लीटर कुल 12 लीटर हाथ भट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को बरामद किया गया। आरोपी के द्वारा जप्त शराब के संबंध मे कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नही कर पाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### कोटेतरा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटेतरा में बुधवार 24 सितंबर को समय 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे ग्राम पंचायत के सरपंच सुनीता रमेश साहू एवं सभी पंचगण के विशेष सहयोग से कार्यक्रम आयोजित होगा। एमजीएम अस्पताल के योग्य नेत्र रोग विशेषज्ञों, ऑप्टोमेट्रिस्ट और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की एक टीम ने व्यापक नेत्र परीक्षण किये जायेंगे आंख संबंधी समस्याओं की जाँच और नेत्र देखभाल के तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाना है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नवागढ़ द्वारा नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 महात्मा गांधी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 1 अक्टूबर तक 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक से भेज सकती हैं। तिथि पश्चात आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में 97 फीसदी हुआ सर्वे का काम, अंतिम तिथि में सप्ताह भर शेष

# डिजिटल क्राप सर्वे, रेंडम जांच करने थोक में लगी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धान खरीदी के साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता बरतने के उद्देश्य को लेकर शासन द्वारा कराए जा रहे डिजिटल क्राप सर्वे का काम जिले में 97 फीसदी पूरा हो गया है। सर्वे का काम 30 सितंबर तक पूर्ण करना है। इसके साथ ही रेंडम जांच की प्रक्रिया होनी है। इसके लिए जिले के विभिन्न विभागों के तकरीबन एक हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह कार्य धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व तक पूरा करना है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा इस बार किसानों के खेतों में लगी फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है। इसके तहत जांजगीर चांपा जिले के 392 गांवों में लगभग 1696 सर्वेक्षकों को काम कराया गया था। जिनके द्वारा 4 लाख से अधिक खसरों का डिजीटल सर्वे करना था। विभागीय जानकारी के मुताबिक बीते अगस्त माह से डिजिटल क्रास सर्वे का काम जिले में प्रारंभ हुआ। इसके लिए सर्वेक्षकों की नियुक्ति की गई थी, जिन्हें प्रत्येक खसरा के लिए 10 रुपए का मानदेय दिया जाना है। बताया जाता है कि जिले में डिजिटल क्राप सर्वे का काम तकरीबन 97 फीसदी पूरा हो गया है। शेष 3 फीसदी कार्य को पूर्ण करने के लिए 30 सितंबर तक का समय है। इधर डिजिटल क्राप सर्वे होने के साथ ही इसकी रेंडम जांच की प्रक्रिया को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। बताया जाता है कि डिजिटल क्राप सर्वे का काम स्थानीय युवाओं द्वारा किसानों द्वारा प्रति खसरा 10 रुपए की दर से किया गया है। ऐसे में इसकी रेंडम जांच का काम सरकारी अमले द्वारा कराने के आदेश दिए गए है। इसी के तहत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी ग्रामवार लगाई गई है। इस कार्य में विभिन्न विभागों के 1 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारी लगाए जाएंगे। जिन्हें धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले रेंडम जांच की प्रक्रिया पूर्ण करने के आदेश दिए जा रहे है।

**खास बातें**

- बीते अगस्त माह से चल रहा डिजिटल क्राप सर्वे का काम
- जिले के 392 गांवों में 16 सौ से अधिक सर्वेक्षकों ने किया सर्वे
- 1 हजार से अधिक अधिकारी कर्मचारी करेंगे सर्वे की जांच



### प्रति खसरा 10 रुपए के हिसाब से मिलेगा मानदेय

जिले में 392 गांवों के 4 लाख से अधिक खसरों का डिजीटल सर्वे होना था। विभागीय जानकारी के मुताबिक इस कार्य के लिए गांव के पढ़े लिखे और एंड्राइड मोबाइल अथवा टेबलेटधारी युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके द्वारा 97 फीसदी सर्वे का काम अब तक किया जा चुका है। शेष कार्य 30 सितंबर तक पूरा करना है। इसके लिए उन्हें प्रति खसरा 10 रुपए के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा।

### करेंगे रेंडम जांच

जिले में डिजीटल क्राप सर्वे का काम 90 फीसदी हो गया है। 30 सितंबर तक सर्वे का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही रेंडम जांच की प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

-विनय पटेल,
अधीक्षक, भू अभिलेख जांजगीर-चांपा

# जेएसडब्लू के जीएम को जान से मारने की धमकी, छग क्रांति सेना का सदस्य गिरफ्तार

### नौकरी के लिए फोन कर धमकाया और गाली गलौज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जेएसडब्लू पावर प्लांट के जीएम को गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे दी गई। प्लांट में नौकरी देने के नाम पर फोन कर धमकाया गया। मामले में पुलिस ने धमकी देने वाले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के सदस्य को गिरफ्तार कर लिया है।

अकलतरा थाना क्षेत्र के तरौद में जे एस डब्लू पावर प्लांट संचालित है। प्लांट में जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी को फोन कर गाली गलौच करते हुए नौकरी देने की मांग की गई। नौकरी नहीं मिलने पर जान से मारने धमकी दी गई।जेएसडब्ल्यू केएसके पावर प्लांट के जीएम जितेंद्रपति त्रिपाठी ने थाना अकलतरा में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जितेंद्रपति त्रिपाठी ने पुलिस को बताया कि छ.ग. क्रांति सेना के सदस्य धनंजय सिंह द्वारा 5 सितंबर को मोबाइल से फोन कर कंपनी में नौकरी देने की बात कही गई। इस पर उन्होंने अपने अधीनस्थ स्टॉप से बात करने के लिए बोला। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि नौकरी की रिक्ति होगी तो दिया जाएगा नहीं होगा तो नहीं दिया जाएगा। इस बात को सुनकर धनंजय सिंह ने अश्लील गाली गलौच करते हुए धमकाना शुरू कर दिया। साथ ही नौकरी नहीं देने पर जान से मार देने की धमकी दी। जितेंद्रपति त्रिपाठी की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने 427/25 धारा 296,351 (2), 308(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान आरोपी द्वारा गली गालोच करना एवं नौकरी नहीं लगने पर जान से मारने की धमकी देना पाया। पुलिस ने बलौदा थाना क्षेत्र के रसौंटा निवासी 37 वर्षीय धनंजय सिंह को गिरफ्तार किया।मोबाइल सिम को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर रास्ता रोककर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

रास्ता रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने एवं नहीं देने पर गाली गलौच करते हुए मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा निवासी गिरधारी टण्डन 23 सितंबर को सुबह 10 बजे कन्या शाला अकलतरा के पास पहुंचा था। उसी समय आरोपी गजेन्द्र दास मानिकपुरी आया और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। गिरधारी टण्डन द्वारा पैसा नहीं होने की बात कहने पर तैश में आकर अश्लील गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 296,115(2),119 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सूचना रिपोर्ट पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें गजेन्द्र दास मानिकपुरी ने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## बाइक चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सक्ती।** मोटरसायकल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितंबर को नंदेलीभांठा निवासी वनरक्षक रूपेन्द्र सिंह सिदार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मोटरसायकल बजाज पल्सर को रात्रि में उसके निवास के सामने से अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। जांच के दौरान संदेह के आधार पर संजय सहिस निवासी वार्ड क्रमांक 1 सक्ती को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकर किया। उसके निशानदेही पर बाइक को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी संजय सहिस को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## पखवाड़े भर से बिजली के तार पर लटकी पेड़ की शाखा, कभी भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

नगर पंचायत के मुख्य मार्ग पर एक विशालकाय पीपल वृक्ष का मोटा डंगाल बिजली तार के ऊपर विगत पंद्रह दिनों से लटक रहा है। इस पर अभी तक न तो नगर पंचायत का और न तो बिजली विभाग का ध्यान गया है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

नगर पंचायत के मुख्य मार्ग पर मईनका दाई मंदिर के पास एक विशाल पीपल का वृक्ष है जिसे स्थानीय लोग घण्टहा पीपल के नाम से जानते हैं। उस वृक्ष का हिन्दू धर्म मानने वाले लोग मृतक कर्म के तीज नहावन पर घण्ठ बांध कर दशकर्म तक का कार्य संपन्न करते हैं। उक्त वृक्ष का एक मोटा डंगाल पन्द्रह दिन पहले टूटकर बिजली के खंभे पर लटक गया है। बिजली के खंभे पर विद्युत भी प्रवाहित है। जानकारी के बाद भी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नही दे रहे है। जिसके कारण लोग यहां पर मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर मृतक कार्य भी संपन्न कर रहे है। शायद नगर पंचायत और बिजली विभाग को किसी दुर्घटना का इंतजार है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल पामगढ़ के असिस्टेंट इंजीनियर संजय मानिस्का का कहना है कि इस संबंध में जानकारी नहीं थी। अब जानकारी मिल गई है तो कल सब ठीक कर लिया जाएगा।



मुख्य मार्ग पर गिरा पीपप का विशालकाय पेड़।

### ओबीसी वर्ग को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के दिए निर्देश

# पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा आर.एस.विश्वकर्मा ने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही शासन की कल्याणकारी योजनाओं का ओबीसी वर्ग को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने मंगलवार 23 सितंबर को सदस्य नीलांबर नायक, बलदाउ राम साहू, हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, कृष्णा गुप्ता एवं सचिव अमित श्रीवास्तव की उपस्थिति में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान जिले में केन्द्र और राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभान्वित हितग्राहियों की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से ओबीसी वर्ग को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होने अन्य पिछड़ा वर्ग के समाजिक एवं आर्थिक सर्वे की पंचायतवार विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होने कहा कि हमारा प्रदेश कृषि प्रधान है जिसके लिए उन्होने कृषि विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को जिले के किसानों को शासन की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने कहा। उन्होने समाज कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग को मिलकर जिले के विभिन्न गांवों में शिविर लगाकर दिव्यांगजनो का चिन्हाकंन कर उन्हे शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार कर आमजन को जागरूक करने कहा। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने आयोग की पृष्ठभूमि के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का उद्देश्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी फोकस करना है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष द्वारा विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पीपीटी के माध्यम से आदिवासी विकास विभाग , जिला योजना एवं सांख्यिकी, समाज कल्याण विभाग, मछली पालन विभाग, ग्रामोद्योग रेशम विभाग, पशुधन विकास विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा विभागीय योजनाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों के कल्याण के दिशा में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।



बैठक लेकर समीक्षा करते पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने गायों के गले में बांधे रेडियम बेल्ट



**देवरी सारागांव।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मवेशियों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए, नेशनल हाईवे पर घूमने और बैठने वाली गायों के गले में रेडियम बेल्ट बांधे गए। यह पहल रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला सचिव अमन पाण्डेय सहित गौ सेवक कृष्ण कुमार सोनी , राहुल राठौर , पंकज गुप्ता , तरुण, विशाल , दिपेश ने सक्रिय भूमिका निभाई और स्थानीय लोगों के सहयोग से दर्जनों गायों के गले में रेडियम बेल्ट लगाए गए। यह बेल्ट वाहन चालकों को अंधेरे में दूर से ही चमककर सतर्क करते हैं, जिससे जानवरों को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने भी इस प्रयास की सराहना की है और भविष्य में इस कार्य को और बड़े स्तर पर ले जाने की योजना बनाई है।

### स्वास्थ्य शिविर का 150 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ



**तनौद।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी कोड़भाट मंडल (खरौद) के द्वारा मंगलवार 23 सितंबर को ग्राम तनौद हृदय स्थल बाजार चौक में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान 150 से अधिक लोगों ने अपना उपचार करवाया। इस दौरान मरीजों को फल भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवेंद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष, प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सदस्य, रंजनी महावीर साहू सरपंच ग्राम पंचायत तनौद, संयोजक सेवा पखवाड़ा सुखनंदन देवांगन, सहसंयोजक प्रखर यादव, रितेश सिंह, पुष्पराज त्रिपाठी, सुनील खुटे, अश्विनी देवांगन, रामहरि साहू का सहयोग रहा। इस अवसर पर लालजी श्रीवास, डमरू मनहर, मोति सिंह कंवर, सत्यनारायण शर्मा,अभिषेक यादव, कोमल साहू कमल किशोर साहू, भुपेंद्र साहू, नागेश्वर साहू, सुभाष साहू उपस्थित थे।

### तुलसी वाटिका हनुमान मंदिर परिसर में बांटा गया प्रसाद



**जांजगीर-चांपा।** पितृ में तुलसी वाटिका हनुमान मंदिर परिसर में पखवाड़े भर भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया और आखरी दिवस अमावस्या को विशेष चावल दाल सब्जी के साथ बड़ा भंडारा रखा गया । यह आयोजन भागवताचार्य पंडित संदीप मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें प्रसाद के साथ साथ श्रीमद भागवत गीता महोत्सव एवम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन भी रखा गया था । इस आयोजन में पूरे 16 दिन तक अलग अलग दान दाताओं और भक्तों के सहयोग से अलग अलग प्रसाद वितरण किए गए । इस आयोजन को सफल बनाने के लिए देवकुमार पाण्डेय जिलाध्यक्ष कांग्रेस सेवादल , प्रकाश बबला गुप्ता शहर अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल , देवराज राठौर , रंजीत मिश्रा , वीर सिंह , टी आर साहु , राजकुमार बाऊ यादव सहित अनेक भक्त जनों ने अपना सहयोग प्रदान किया ।

जगह-जगह फैली गंदगी पर व्यक्त की नाराजगी, साफ-सफाई करने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने एसडीएम, तहसील एवं उपपंजीयक कार्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एस डी एम, तहसील कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, पटवारी कार्यालय का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 23 सितंबर को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के छोटे-छोटे प्रकरणों का तुरंत निराकरण किया जाए। जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोईं समस्या न हो।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरूस्ती, त्रुटि सुधार, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों की स्थिति, जनहित कार्यों की प्रगति और अधिकारियों की उपस्थिति की भी बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण की पेशी की तिथि अनावश्यक रूप से न बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता में किया जाए और मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही त्रुटि सुधार संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण त्रुटि सुधार मॉड्युल के माध्यम से मौके पर ही किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आने वाले आवेदकों से बातचीत की और उनकी शिकायतो को सुना। अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की एवं उनकी मांग को सुना। कलेक्टर ने उप पंजीयक कार्यालय चांपा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जगह-जगह फैली गंदगी पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत साफ-सफाई करने और प्रति सप्ताह श्रमदान कर नियमित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण के दौरान एक प्रकरण में मौके पर ही फ़ाइल मंगवाकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपपंजीयक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए रजिस्ट्री की संपूर्ण प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रजिस्टार से स्टेप-बाय-स्टेप जानकारी ली और कहा कि रजिस्ट्री कराने में आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फायर सेफ्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री की जानकारी और सरल प्रक्रिया को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय चांपा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में दर्ज लंबित एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही नक्शा, खसरा, बी-1 सहित अन्य राजस्व अभिलेखों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखे जाएं, जिससे आमजनों को आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने आवेदनों के त्वरित और समयसीमा में निराकरण के लिए विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए।



कार्यालय का निरीक्षण करते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।



# बिहान की महिलाएं सीख रहीं आचार, पापड़ और मसाला पावडर बनाने की उन्नत तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओ कों आजीविका गतिविधियों तथा स्व रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 20 दिवसीय आचार, पापड़ और मसाला पावडर उद्योग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्र के गांव गांव में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में काम कर रहीं महिला स्व सहायता समूह के पदाधिकारियों और कृषि सखी एवं पशु सखी दीदियों कों प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 साल उम्र के बेरोजगार युवाओं, युवतियां तथा बिहान की महिला स्व सहायता समूहों के महिलाओ के लिए कई प्रकार की प्रशिक्षण निशुल्क रूप में विषय विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनरो के द्वारा दिया जाता है। इस समय मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की बिहान से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहों के महिलाओ व क़ृषि सखी एवं पशु सखी क्रेडरो कों 20 दिवसीय आचार, पापड़ व मसाला उद्योग का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में इस समय करेला आचार समेत हरी मिर्च आचार, जिमीकंद आचार, करील आचार, नीबू आचार, बोईर आचार, आँवला आचार, लहसुन आचार, मशरूम आचार, मुनगा आचार, पचरंगा आचार, गोभी आचार, करोंदा आचार व अन्य कई प्रकार की आचार शामिल हैं। इसी तरह पापड़ में मशरूम पापड़, मुनगा भाजी का पापड़, साबूदाना पापड़, चावल पापड़, उड़द मुंग पापड़ आदि शामिल है। प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की मसाला पावडर बनाने और ब्रांडिंग तथा पैकेजिंग के साथ साथ खाद्य चीजों को बनाने तथा खरीदी बिक्री के लिए लायसेंस के बारे में जानकारी दी जा रहीं है।

# गौ सेवा परीक्षा के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**अकलतरा।** गौ सेवा परीक्षा 2025 के संबंध में प्रशिक्षण विकासखंड अकलतरा के बीआरसी भवन में 22 सितंबर को रखा गया, जिसमें विकासखंड के सभी शासकीय और अशासकीय पूर्व माध्यमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूल के संस्था प्रमुख सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अकलतरा देवकांत द्विवेदी, खंड स्त्रोत समन्वयक शैलेंद्र सिंह बैस, गौ सेवा परीक्षा के प्रांत सहप्रभारी मनोज पाण्डेय, जिला प्रभारी नरेंद्र पाण्डेय एवं जिला सह प्रभारी विजय सिंह राठौर, अकलतरा प्रभारी अखिलेश सिंह सेंगर एवं जिला के अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षक सुरेश साहू ने गौसेवा के वेबसाईट में स्कूलों के पंजीयन और बच्चों के वर्गवार पंजीयन, शुल्क भुगतान, गौ ग्रंथ प्राप्ति, स्कूल स्तर, जिला स्तर, एवं प्रांतीय परीक्षा आयोजन एवं पुरस्कार वितरण के संबंध में विस्तार से बताया कि इस पूरे परीक्षा का मूल उद्देश्य गौवंश के संरक्षण संवर्धन के साथ जैविक खेती को बढ़ावा देना है।

# बाढ़ आपदा से बचाव के लिए मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**सक्ती।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिले में बाढ़ आपदा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल आयोजित की जानी है। इसकी तैयारियों को लेकर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा पूर्व सतर्कता और बाढ़ बचाव की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों की वास्तविक परख करना और आम नागरिकों को जागरूक करना है। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर का किया गया अनुवीक्षण

**बिर्रा।** संकुल केंद्र बिर्रा के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर का अनुवीक्षण किया गया। संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा के रामकिशोर देवांगन ने 22 सितंबर को 12 बजे से शासकीय प्राथमिक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बसंतपुर का अनुवीक्षण किया गया। यहां सात शिक्षक शिक्षिका पदस्थ है, जिसमे चार शिक्षक शिक्षिका कक्षा में पढ़ाते हुवे पाए गए। श्रीमती उषा मधुकर शिक्षिका संतान पालन अवकाश पर है। महेश्वर डड़सेना राजेश कुर्रे बीएलओ कार्य से बम्हनीडीह गए थे। अनिल पटेल प्राथमिक शाला जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे। कक्षा सातवी के तुलसी पटेल रिया आशीष पटेल द्वारा पाठ चार मौसी हिंदी विषय को पढ़कर बताया गया। कक्षा तीसरी के नव्या मांझी दीपांशी पटेल द्वारा दो अंको वाला जोड़ बताया गया नव्या मांझी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का नाम बताया गया। श्रीमती बीना डड़सेना द्वारा एफएलएन किट एवं जादुई पिटारा के माध्यम से कक्षा पहिली एवम दूसरी के बच्चों को पढ़ा रही थी। कक्षा आठवी के बच्चों को अंग्रेजी विषय पर होने वाले कठिनाइयों के बारे में चर्चा किया गया। कक्षा आठवी एवa सातवी के बच्चों द्वारा मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन मीनू अनुसार बनने की बात कही। कक्षा पहिली से आठवी तक के बच्चों की पढ़ाई लिखाई चल रही है। 24 सितंबर से त्रैमासिक परीक्षा के बारे में शिक्षकों से चर्चा किया गया। कक्षा आठवी से कुमकुम पटेल,ममता पटेल जयकुमार द्वारा हिंदी पाठ पढ़ाया गया। कक्षा पहिली से आठवी तक कोर्स अपूर्ण है। शीघ्र पूर्ण करने को निर्देशित किया गया। सफाई कर्मचारी को विद्यालय एवa टॉयलेट को साफ सुथरा रखने को निर्देशित किया गया। अनुवीक्षण के दौरान दर्ज संख्या 155 एवं उपस्थित 145 पाया गया।





# धीवर समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धीवर समाज की बैठक 21 सिंबर को ग्राम जावलपुर में हुई। समरसता भवन में आयोजित बैठक का शुभारंभ दुर्गा प्रसाद धीवर महासभा कार्यकारिणी सदस्य की अध्यक्षता, वीरेंद्र धीवर कोषाध्यक्ष सिवनी केंद्र, श्रीमती तारा शरद शुक्ला सरपंच, हरनारायण उपसरपंच द्वारा भगवान श्री राम की तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत श्रीफल और शाल से भेंट कर किया गया। इसके बाद धीवर समाज के चुने पंच शांति बाई रामू धीवर और खुशबू राधेश्याम धीवर का सम्मान किया गया। दुर्गा प्रसाद धीवर महासभा कार्यकारिणी सदस्य द्वारा समाज के लोगों की मांग को सरपंच के सम्मुख रखा गया कि धीवर समाज के 300 परिवार निवासरत है और सामाजिक कार्य सुख और दुख जैसे शादी,विवाह, नहावन , दशगात्र आदि कार्यों के लिए जगह नहीं होने पर बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अतः समाज को विकास की गति देने के लिए सामाजिक सामुदायिक भवन के लिए 5 डिसमिल की जमीन की मांग की गई, जिसे सहर्ष स्वीकार कर लिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामु धीवर, राधेश्याम धीवर और केंद्र कोषाध्यक्ष बीरेंद्र धीवर एवं ग्राम प्रमुख रवि धीवर, राम शंकर धीवर, दुर्गा धीवर,लक्ष्मीकांत धीवर,श्रवण धीवर,कार्तिक श्याम धीवर,दिनेश धीवर,संतोष धीवर,देवचरण धीवर, कमल धीवर, विष्णु धीवर, सम्पत राम धीवर, छोटेलाल धीवर, बबलू धीवर, इटवारी धीवर, पटवारी धीवर, चैतराम धीवर,गौतम लाल धीवर, रामचरण धीवर, एवं बड़ी संख्या में माताये और बहने शामिल हुए


■ सामुदायिक भवन बनाने 5 डिसमिल जमीन देने की मांग

# पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में कार्यशील मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ में 22 सितम्बर को विज्ञान एवं संगणक संकाय के तत्वावधान में कार्यशील मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देना था।

प्रदर्शनी का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक विनोद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा व मुख्य अतिथि डॉ. एच.आर. आगर ( विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, शा. बिलासा स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर) एवं धनेश मिश्रा संचालक, वंदे मातरम उच्च. मा. विद्यालय नवागढ़ के द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों जैसे नवीन ऊर्जा स्त्रोत, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल इंडिया, कृषि उपकरण, स्वच्छ भारत, जल संरक्षण, एवं स्वास्थ्य विज्ञान पर आधारित कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। प्रत्येक मॉडल विद्यार्थियों के परिश्रम, कौशल और नवीन सोच का प्रतीक था। प्रदर्शनी के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ मॉडल का चयन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तेरस दिनकर (आई क्यू ए सी प्रभारी), श्रीमती प्रीति देवांगन (कार्यक्रम प्रभारी), सुश्री मालती बंजारे, सुश्री कविता, अखेंद्र जांगड़े, दीपक चंद्रा, जोहित कश्यप, श्री सतीश, सुश्री रजनी साहू एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



मॉडल का प्रदर्शन करती छात्रा एवं अन्य।

*जांजगीर-चांपा। अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया ग्रुप छत्तीसगढ़ के निर्देशन में 20 सितंबर को ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में बच्चों के लिए सफ़ल जीवन की दिशा धारा, युवा कौन एवं नशा मुक्ति विषय पर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई ।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री फ्री 66%छूट
COBB ITALY flying colors of fashion
कॉब रेडिमेड
कपड़ा शो-रूम
1 कपड़ा खरीदने पर
2 कपड़ा फ्री
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

**समक्ष श्रीमान तहसीलदार महोदय, चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं सत्यम खैरवार उम्र 26 वर्ष पिता अजय कुमार खैरवार जाति खैरवार निवासी ग्राम भैसतरा बरबसपुर तह. अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँः- 01. यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ। मेरा आधार नं. 3763 7241 6767 है। 02. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम सत्यम खैरवार पिता अजय कुमार खैरवार दर्ज है। 03. यह कि मेरा अंकसूची में मेरा नाम सत्यम खैरवार पिता अजय खैरवार दर्ज है। 04. यह कि अजय कुमार खैरवार व अजय खैरवार मेरे पिता जी का ही नाम है उसको उन दोनो नामों से जाना एवं पहचाना जाता है। 05. यह कि अजय कुमार खैरवार व अजय खैरवार दोनों नाम मेरे पिता जी का ही नाम है तथा अंकसूची में केवल अजय खैरवार है जिसे मैं पासपोर्ट बनवाने हेतु यह शपथ पत्र संबंधित विभाग को दे रहा हूं।

**सत्यम खैरवार**
**शपथकर्ता**

मैं सत्यम खैरवार उम्र 26 वर्ष पिता अजय कुमार खैरवार जाति खैरवार निवासी ग्राम भैसतरा बरबसपुर तह. अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक में लिखी गई समस्त बातें मेरी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 23/09/2025 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कि हूँ।
चांपा, दिनांकः 23/09/2025

**सत्यम खैरवार- सत्यापनकर्ता**

TOP IN JANJGIR

RK HOSPITAL
जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लेडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थैमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# मोहनलाल ने की दृश्यम 3 की शुरुआत शूटिंग से पहले शेयर कीं पूजा की तस्वीरें

**मुंबई।** मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' के प्रोडक्शन से पहले पूजा की है। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शेयर की हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है 'जॉर्ज कुट्टी की दुनिया को एक बार फिर जीवंत करते हुए, आज पूजा के साथ 'दृश्यम 3' की शुरुआत हो रही है।' आपको बता दें कि 'दृश्यम 3' मलयालम फिल्म 'दृश्यम (2013)' की सीक्वल है। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया था। इसमें मोहनलाल और मीना अहम किरदार में थे। फिल्म में आईजी गीता प्रभाकर का बेटा खो जाता है इसके बाद जॉर्ज कुट्टी (मोहनलाल) अपने परिवार को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं।

## लाइफ Style

# भूमि

## फैंस को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो चुकी है। माता रानी के इन नौ दिनों को माता के भक्त बड़ी ही आस्था और विश्वास के साथ मानते हैं। यह नौ दिन का त्योहार मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाता है। यह उत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा और 2 अक्टूबर को दशहरा के साथ समाप्त होगा। भूमि पेडनेकर ने सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन अपने फैंस को इस खास दिन की शुभकामनाएं दीं और साथ ही मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद लिया। भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के पहले दिन, जम्मू स्थित पवित्र बावे वाली माता महाकाली दरबार से, मां काली का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन में शक्ति, ऊर्जा और नई सफलताएं लेकर आए।' प्रीति जिंटा ने सोमवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर इंस्टाग्राम पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। हमेशा प्यार और प्रकाश बना रहे। जय माता दी।' हेमा मालिनी ने सोमवार को नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर अपने फैंस को बधाई दी और साथ ही दो खास तस्वीरें भी शेयर कीं। मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत कोलाज साझा किया, जिसमें एक तरफ मां दुर्गा की तस्वीर और दूसरी तरफ खुद का देवी दुर्गा के रूप में दिखाई दीं।



## हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग के दौरान हो गए चोटिल

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में स्पाइडर-मैन के नाम से पहचान बना चुके हॉलीवुड स्टार टॉम हॉलैंड हाल ही में अपने नए प्रोजेक्ट 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। इस हादसे के बाद न केवल फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी, बल्कि उनके प्रशंसक भी काफी चिंता में पड़ गए। हालांकि राहत की बात यह है कि चोट गंभीर नहीं है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। यह चोट प्रोडक्शन शेड्यूल को बहुत अधिक प्रभावित नहीं करेगी।




# एआई के जरिए दिखाना चाहते थे रैम्बो का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्टर और फिल्म निर्माता सिल्वेस्टर स्टेलोन को उनके बेहतरीन किरदार जॉन रैम्बो के लिए जाना जाता है। दशकों पहले से वह रैंम्बो फ्रेंचाइजी की फिल्मों में इस किरदार को निभाते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह एक बार फिर इस किरदार को निभाना चाहते थे। उनके मुताबिक इस किरदार की उम्र कम करने के लिए वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करना चाहते थे। सिल्वेस्टर स्टेलोन चाहते थे कि रैम्बो फ्रेंचाइजी की एक प्रीक्वल बने। इसमें वह एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाना चाह रहे थे। इसके लिए वह एआई के जरिए किरदार की उम्र कम करना चाहते थे। हालांकि, यह आइडिया लोगों को पसंद नहीं आया। इस पर सिल्वेस्टर स्टेलोन ने वैराइटी से बातचीत में कहा 'सबको लगा कि मैं पागल हो गया हूं।



# बुराई को खत्म करने निकलीं शिवानी

**मुंबई।** शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ के मौके पर रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' का नया पोस्टर सामने आया है। मेकर्स ने महिला केंद्रित रानी की इस फिल्म का नया पोस्टर जारी कर, फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में एक हाथ बंदूक पकड़े नजर आ रहा है। पोस्टर में किसी का चेहरा तो नहीं दिख रहा है। लेकिन संभवतः ये हाथ रानी मुखर्जी का ही है। हाथ में रानी घड़ी, कलावा पहने हुए हैं। सामने दिल्ली पोलिस की बैरिकेडिंग लगी हुई है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के शुभ दिन पर यहां बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है।



# कांतारा-1 में राजा और प्रजा में होगा युद्ध

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' का ट्रेलर सोमवार सामने आ गया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में ऋषभ शेट्टी और गुलशन देवैया के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलता है। गुलशन इस बार विलेन के किरदार में नजर आए हैं, वो फिल्म में राजा बने हुए हैं। फिल्म में इस बार राजा और प्रजा के बीच के युद्ध को दिखाया जाएगा। ट्रेलर में दंत कथाओं और लोक कथाओं का जिक्र है, जो फिल्म का मूल भी है। ट्रेलर देखकर ये साफ पता चलता है कि फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और विजुअल्स देखने को मिलेंगे। क्योंकि, ट्रेलर में ही कुछ सीन ऐसे हैं, जो आपके मुंह से वाह निकाल सकते हैं। ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित 'कंतारा: चैप्टर 1' होम्बले फिल्म्स की सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है।

## टीवी मसाला



# राघवेंद्र से प्रभावित होकर बिग बी ने बांटे हेलमेट

**नई दिल्ली।** रिएलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक कंटेस्टेंट से दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने रविवार को अपने बंगले 'जलसा' के बाहर अपनी एक झलक पाने के लिए जमा हुए फैंस को हेलमेट बांटे। बिग बी हर रविवार को अपने मुंबई स्थित घर के सामने बड़ी संख्या में जमा होने वाले फैंस का अभिवादन स्वीकार करने घर से बाहर आते हैं। वो साल 1982 से ऐसा करते आ रहे हैं। उन्होंने 'हेलमेट मैन ऑफ इंडिया' के नाम से फेमस कंटेस्टेंट राघवेंद्र कुमार से प्रभावित होकर कुछ लोगों को हेलमेट भी बांटे। राघवेंद्र कुमार सड़कों पर बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट बांटने के लिए फेमस हैं। अमिताभ ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'केबीसी में 'हेलमेट मैन' से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं... जो बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए स्वेच्छा से हेलमेट देते हैं... मेरे लिए एक सीख... इसलिए मैंने रविवार को फैंस से मिलते समय उनका अनुसरण किया और जितने लोगों को हो सका, उन्हें डांडिया स्टिक और हेलमेट दिए... हर दिन एक सीख है।' राघवेंद्र कुमार ने पोस्ट का जवाब दिया और एक्टर के इस कदम को अपने जीवन का 'सबसे बड़ा अवॉर्ड' बताया। उन्होंने लिखा, 'आदरणीय बच्चन सर। आपके शब्द और आशीर्वाद मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवॉर्ड हैं।

## बेघर होने के लिए ये कंटेस्टेंट्स हुए नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने चौथे हफ्ते में पहुंच चुका है और हर एपिसोड में दर्शकों को नए ट्विस्ट और ड्रामे देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में घर से बाहर किए गए नेहल चुदासमा का सफर भी खत्म होता दिखा था, लेकिन बिग बॉस ने हमेशा की तरह खेल को मोड़ दिया। उन्हें सीक्रेट रूम में भेज दिया गया है, जहां से वे घर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही हैं।



खास बात यह है कि बिग बॉस ने उन्हें नॉमिनेशन की खास ताकत दी है। यानी इस बार कौन-कौन से घरवाले बेघर होने की रेस में आएंगे, यह फैसला पूरी तरह नेहल के हाथों में रहा। , नेहल ने अपनी नई पावर का इस्तेमाल करते हुए इस हफ्ते जिन 6 कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट किया है, उनके नाम हैं- मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, अशनूर कौर, नीलम गिरी, गौरव खन्ना और प्रणित मोरे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि वीकेंड के वार पर सलमान खान किसे बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

# अक्षय-सैफ की हैवान की शूटिंग की सामने आईं बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन अपनी नई फिल्म 'हैवान' की शूटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग जारी है। इसमें अक्षय कुमार और सैफ अली खान अहम किरदार में हैं। दोनों 17 साल बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन थेस्पियन फिल्म्स और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। फिल्म के सेट से बीटीएस तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे फिल्म को लेकर चर्चा और बढ़ गई है। बताया जाता है कि रोमांचक थ्रिलर फिल्म 'हैवान' की शूटिंग लगभग 40 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इसकी शूटिंग कोच्चि, वागामोन और ऊटी में हुई है। फैंस अक्षय और सैफ की जोड़ी के पर्दे पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर भी हैं। हाल ही में पिंकविला के साथ बातचीत में प्रियदर्शन ने बताया था कि 'अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि, वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।' प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म 'हैवान' बन रही है। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म 'ओप्पम (2016)' पर आधारित बताई जा रही है। 'हैवान' ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी नजर आएंगे।



# इन मशहूर गायकों ने गाए माता रानी के भजन

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी यानी मां दुर्गा के भजन हर घर में गूंजते हैं। इन भजनों की मधुर धुनें भक्तों के दिल को छू लेती हैं और पूजा का माहौल और भी भक्तिमय बना देती हैं। आज हम बात करेंगे उन मशहूर भजनों की, जिन्होंने माता रानी की भक्ति को और भी शानदार बना दिया, जो आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर हैं।



### लखबीर सिंह लक्खा

लखबीर सिंह लक्खा भजन गायन के दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। इन्हें 'भक्ति गीतों का सम्राट' कहा जाता है। लखबीर ने माता रानी के कई सुपरहिट भजन गाए हैं, जो नवरात्रि के बिना अधूरे से लगते हैं। इनके भजनों ने रिकॉर्ड तोड़े हैं, क्योंकि ये गाने लाखों-करोड़ों बार सुने गए हैं। प्रसिद्ध भजन- 'मंग के साथ यो दिल मरजानी', 'मैया का चोला लाल रंग का' और 'रानी काली का चली कौन संग'

### नरेंद्र चंचल

नरेंद्र चंचल एक ऐसे गायक थे, जिनकी आवाज में माता रानी की शक्ति झलकती है। नरेंद्र ने 500 से ज्यादा भजन रिकॉर्ड किए हैं। उनके गाने इतने पॉपुलर हैं कि उन्होंने एल्बम बिक्री के रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने भक्ति संगीत को पॉपुलर बनाया और कई रिकॉर्ड भजन दिए।

प्रसिद्ध भजन- मेरा आपकी कृपा का प्याला, ओ जंगल के राजा और तेरे भाग्य के चमकेंगे। ये भजन नवरात्रि में हर जगह बजते हैं और भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं।

### गुलशन कुमार

गुलशन कुमार भजन गायन के साथ-साथ टिप्स इंडस्ट्री के संस्थापक भी रहे। उन्होंने माता रानी के भजनों को घर-घर पहुंचाया। उनकी आवाज सादगी भरी है, जो सीधे दिल तक जाती है। प्रसिद्ध भजन- दुर्गा है मेरी मां और जय माता दी जैसे भजन हिट है। ये भजन नवरात्रि को स्पेशल बनाते हैं।

### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल एक प्रसिद्ध भारतीय गायिका हैं, जो भक्ति संगीत की दुनिया में अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज के लिए जानी जाती हैं। आज तक सैकड़ों भक्ति गीतों को अपनी आवाज दी है। उनके भजन नवरात्रि, दुर्गा पूजा, राम नवमी जैसे त्योहारों में बहुत लोकप्रिय हैं। अनुराधा जी ने कई एल्बम, फिल्मों और टीवी शो के लिए भजन गाए हैं, जैसे श्रद्धा की ज्योति, ऊं जय अम्बे गौरी और जय मां अम्बे जगदंबे।

## एक्शन-कॉमेडी से लेकर सस्पेंस-रोमांस का मजा उठा पाएंगे दर्शक

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

*नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हमेशा की ही तरह इस हफ्ते भी दर्शकों के लिए एंटरटेनमेंट की भरमार होने वाली है। इस पूरे हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज, शोज रिलीज होने वाले हैं। इस सप्ताह की रिलीज में थ्रिलर, ड्रामा, रियलिटी शो और कॉमेडी की भरमार है, जो हर उम्र और रुचि के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं।*



**धड़क 2:** साल 2018 की फिल्म धड़क का आध्यात्मिक सीक्वल है और तमिल फिल्म 'पारियेरुम पेरुमल' की रीमेक है। यह फिल्म भोपाल के बैकड्रॉप में नीलेश और विधि की प्रेम कहानी को दर्शाती है, जिसमें जातिगत भेदभाव और सामाजिक चुनौती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 26 सितंबर से देखने के लिए उपलब्ध होगी।

**हृदयपूर्वम :** हृदयपूर्वम में संदीप नाम का एक धनी व्यवसायी और हृदय प्रत्यारोपण प्राप्त व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है। पुणे में रुकने के दौरान वो हरीथा के परिवार के करीब आता है और रिश्तों की नई परिभाषा सीखता है। यह फिल्म जियोहॉटस्टार पर 26 सितंबर से ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन पर उपलब्ध होगी।

**रिएलिटी रानीज ऑफ द जंगल :** इस बार शो का सेट जंगली जंगल से तटवर्ती क्षेत्र में बदल गया है। वरुण सूद द्वारा होस्ट किया गया यह शो महिला कंटेस्टेंट्स की साहसिक और चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इसमें सारा गुरपाल, साम्युक्ता हेगड़े और राखी सावंत जैसी कंटेस्टेंट्स शामिल हैं। ये शो 22 सितंबर से डिस्कवरी प्लस पर देखने को मिल रहा है।

**बिग बॉस कन्नड़ सीजन 12 :** किच्चा सुदीप की मेजबानी में बिग बॉस कन्नड़ का यह सीजन कई रोमांचक ट्विस्ट और ड्रामे लेकर आता है। अरविंद रथान, गिली नाटा और समीर एमडी जैसे कंटेस्टेंट्स इसमें भाग ले रहे हैं। यह शो 28 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

**सिक्सर सीजन 2 :** सिक्सर सीजन 2 में निक्कू की कहानी बताई गई है, जो एक पूर्व स्ट्रिट क्रिकेट प्रोडिजी था। इस सीजन में दोस्ती, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एमएक्स प्लेयर पर यह सीरीज 24 सितंबर से स्ट्रीम की जाएगी।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में जसी अपनी पूर्व पत्नी डिंपल को मनाने के लिए स्कॉटलैंड जाता है। फिल्म में पारिवारिक कॉमेडीऔर रोमांच का मिश्रण है। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म 26 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द फ्रेंड :** 'द फ्रेंड' इरिस नाम के लेखक और उनके 150 पाउंड के डॉग अपोलो के बीच विकसित हो रहे रिश्तों की कहानी है। यह फिल्म दोस्ती, व्यक्तिगत विकास और भावनात्मक संघर्ष को उजागर करती है। यह जियोहॉटस्टार पर 28 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल :** टू मच एक अनस्क्रिप्टेड चैट शो है जिसमें बॉलीवुड सितारे सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर और विक्की कौशल जैसे सेलेब्स काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो का हिस्सा बनेंगे। इसमें दर्शकों को सितारों के निजी अनुभवों और मनोरंजक चर्चाओं का अनुभव मिलता है। प्राइम वीडियो पर यह शो 25 सितंबर से देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा के तहत अंध, मुक, बधिर विद्यालय में किया गया फल वितरण




**पामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह के तहत अंध, मुक, बधिर विद्यालय पामगढ़ में फल वितरण कार्यक्रम किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन पूर्ण रूप से गरीब, असहाय लोगों के लिए समर्पित रहा है, उनके इन्हीं सेवा भाव को ध्यान में रख कर पार्टी द्वारा उनके जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत पूरे जिले भर के अलग-अलग मंडलों में जनता के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में पामगढ़ मंडल में अंध, मुक, बधिर विद्यालय के बच्चों के बीच फल बांट कर जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, प्रतिभा कश्यप, मानेश जांगड़े, रूपचंद साहू, ब्यास वर्मा सुधीर तिवारी, मनोहर शास्त्री, सुभाष पटेल, महावीर पटेल मनोज घोष, फिरत राम कुर्मी, संतोष कुमार तिवारी, नीमा तिवारी, अशोक सिंह, गंगा राम टंडन, ओम प्रकाश राठौर, अमित कुमार अनंत पार्षद, संजय खांडे, उमेश यादव, सोनू गांधी, मनजीत सिंह जाहिरे, नरसिंह गोड़, नारायण पाटले, भीमबली नायक, लक्ष्मी कांत गौरहा, गौरव तिवारी, सुभाष आग्रे, सुख सागर ओग्रे, संजू कौशिक, चौथराम बघेल, अशोक कश्यप, गोलू वर्मा, अंकित यादव एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संकुल स्तरीय सम्मान विदाई समारोह आज

**बिर्रा।** पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म जयंती के अवसर पर संकुल केंद्र बिर्रा में बुधवार 24 सितंबर को दोपहर 2 बजे से संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में एच आर जायसवाल सहायक परियोजना अधिकारी, श्रीमती रत्ना थवाईत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह , एच के बेहार खंड समन्वयक विकासखंड बम्हनीडीह के अलावा जनपद सदस्य और ग्राम पंचायत बिर्रा के सरपंच पीली बाई साहू उपस्थित रहेंगी। उक्त आशय की जानकारी संकुल केंद्र बिर्रा के संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन ने देते हुए सभी से उपस्थिति की अपील की है।

### छात्राओं को पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण



**अकलतरा।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन अकलतरा नगर के शासकीय कन्या विद्यालय में जिला भाजपा महामंत्री नंद चौधरी के मुख्य आतिथ्य एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के अध्यक्षता एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नंद चौधरी ने छात्राओं को लगन एवं परिश्रम से बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि आजकल बेटियां सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। शाला की छात्राएं बेहतर प्रदर्शन करते हुए परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। गोपेश तुलस्यान ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विद्यालय में अनेक कार्यक्रम जैसे स्वच्छता शपथ साफ सफाई प्लास्टिक उन्मूलन पर चर्चा मानव श्रृंखला नुक्कड़ नाटक पौधारोपण चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंदन शर्मा के द्वारा अपनी ओर से छात्राओं को पेन कॉपी एवं पाठ सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही उनके द्वारा कक्षा में प्रथम आने वाली छात्राओं को 1100 रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम को पार्षद दिनेश दास ,अनिल दुबेजी ,राज शर्मा ,गोवर्धन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में लता सिन्हा आर एस रजवाड़े, एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

### अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में समारोह पूर्वक मनी अग्रसेन जयंती

# अग्रसेन जयंती मनाने का उद्देश्य जन समाज कल्याण होना चाहिए: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

देश में आज सबसे समृद्धिशाली व परोपकार करने वाला अग्रवाल समाज है। हमारे अग्र समाज के संस्थापक महाराज अग्रसेन जी की जयंती मनाने का उद्देश्य जन कल्याण और समाज कल्याण होना चाहिए ताकि हमारी युवा पीढ़ी को यह पता चले कि हमारे पूर्वजो ने कैसे समृद्धि बनाकर देश में अपना परचम लहराया।

उक्त बातें स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में सोमवार 22 सितंबर को गौशाला मार्ग स्थित श्रीराम मंगलम भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह 2025 को सम्बोधित करते हुए रायपुर निवासी सुप्रसिद्ध उद्योगपति, समाज सेवी एवं धर्मवीर बसंत अग्रवाल ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। उन्होंने कहा है कि मारवाड़ी समाज को अपनी बोली, संस्कृति और संस्कारों पर गर्व करते हुए इनका पालन करना चाहिए। दिगर समाज प्रत्येक क्षेत्र में हमारे कार्यों का अनुसरण करता है इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम विवाह सहित अन्य आयोजित किये जाने वाले समारोहों में दिखावा या वैभव प्रदर्शन से बचकर रहते हुए बचाई गई राशि का उपयोग जनहित व समाजहित के कार्यों में करें। उन्होंने कहा कि धर्म से बड़ा कोई नही है और धर्म नहीं तो धरती का विनाश हो जायेगा। हमें आज जरुरत इस बात की है कि हम अपनी पुरातन संस्कृति और संस्कारों को कायम रखते हुए आने वाली पीढी को भी इस मार्ग पर चलना सिखाए। आज वैभव प्रदर्शन और विलासिता की होड़ में हम सादगी से रहकर दान व धर्म को अपनावें। अग्रवाल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आगामी अग्रसेन जयंती नवीन भवन में अगले वर्ष मनाई जाएगी। उन्होंने समाज से एकजुटता बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि हम एकजुट हुए तो समाज व देश में परिवर्तन लाने में सफल होंगे क्योंकि राज बुद्धि वाला करता है न कि संख्या बल वाला। हमें जीविकोपार्जन के साथ- साथ समाज के लिए भी समय निकालना होगा। यदि हम समाज के लिए सोचेंगे तो समाज भी हमें आगे बढ़ायेगा। समारोह को इसके अलावा विशिष्ट अतिथि बिलासपुर निवासी गौरव अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें महाराज अग्रसेन जी के आदर्शो का पालन करते हुए समाज हित में कार्य करना चाहिए तभी हम वास्तविक अर्थों में उनके वंशज कहलाने के योग्य होंगे। इसके पूर्व अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम मोदी ने अपने स्वागत भाषण में सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें भावी पीढ़ी को महाराज अग्रसेन जी के बताये आदर्शों व सिद्धांतों की जानकारी देकर उनके बताए मार्ग पर चलाना होगा। समारोह को इसके अलावा समाज की नगर की प्रथम निर्वाचित महिला पार्षद श्रीमती विनीता किशोर मोदी ने भी सम्बोधित किया। अग्रसेन भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि समिति इस बात का पूरा प्रयास कर रही है कि आगामी अग्रसेन जयंती हम नवीन अग्रसेन भवन में मनावें। इसके पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पारंपरिक परिचय अनन्या बाजोरिया तथा प्रियंका अग्रवाल व श्रीमती पूजा मोदी ने संयुक्त रुप से दिया। इसके पूर्व समारोह के प्रारम्भ में अतिथियों ने आरती की थाल सजाओ स्पर्धा के विजेताओं का चयन किया। इसके बाद प्रथम विजेता के थाल से महाराज अग्रसेन जी की आरती श्रीमती ज्योति मित्तल एवं अतिथियों द्वारा की गई। अतिथियों सहित अग्रवाल सेवा संघ के सभी संरक्षकों तथा पदाधिकारियों को मंचासीन करने के पश्चात उनका स्वागत पुष्पहार पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर किया गया। अतिथियों ने विगत 19 सितंबर से प्रारम्भ समाज के सभी वर्गों के लिए आयोजित विविध स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। इसके अलावा संघ द्वारा समाज के वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया गया। अंत में अतिथियों को संघ की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह का संचालन अविनाश मोदी एवं अंकित मोदी द्वारा संयुक्त रुप से तथा अंत में आभार प्रदर्शन संघ के संरक्षक रामनारायण मोदी ने किया। अंत में सह अग्रभोज के साथ ही समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रमुख रुप से संरक्षकगण रामअवतार मित्तल, प्रहलाद राय मोदी, बजरंग लाल डिडवानिया, डॉ. व्ही.के. अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, पवन मोदी, मनोज मित्तल, विनोद अग्रवाल, रामनारायण मोदी, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मोहन मित्तल, विनोद मोदी, महावीर अग्रवाल, ग्यारसी मोदी सहित संघ के अध्यक्ष जगदीश मोदी, सचिव अखिलेश मोदी, कोषाध्यक्ष किशोर मोदी, पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (पिंटू), हजारी अग्रवाल, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, अंशुमान मुरारका, गोपाल मित्तल, अभय मित्तल, नारायण मित्तल, योगेश अग्रवाल, राज अग्रवाल, अनिल खेतान, अनिल मोदी, राज अग्रवाल, विशाल केडिया, जुगल मित्तल, श्याम अग्रवाल, विष्णु मोदी, शैलेश बाजोरिया, मनोज अग्रवाल (राजू), नरेश गोयल, अनुपम केडिया के अतिरिक्त बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के पुरुष, महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित थे।



अग्रसेन जयंती समारोह में मंचस्थ अतिथिगण।



अग्रवंश के संस्थापक महाराज अग्रसेन की शोभा यात्रा में शामिल चेम्बर ऑफ कामर्स के पदाधिकारी।

## छग चेम्बर ऑफ कामर्स ने किया शोभा यात्रा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- पुराना स्टेट बैंक के पास शोभायात्रा में शामिल लोगों को पिलाया शीतल पेयजल एवं शरबत

अग्रवंश संस्थापक महाराज अग्रसेन की 5149वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सोमवार 22 सितम्बर को धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ अग्र समाज की महिलाओं,पुरूषों एवं बच्चों द्वारा महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों द्वारा पुराना स्टेट बैंक के पास भव्य स्वागत किया गया।

श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। 22 सितंबर को शाम 6 बजे शक्ति चेंबर अध्यक्ष मुकेश बंसल के मार्गदर्शन में श्री अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज शक्ति ने पुराना स्टेट बैंक के पास भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया। चेंबर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल अग्र बंधुओं का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस दौरान, शोभायात्रा में शामिल समस्त लोगों एवं व्यापारियों के लिए ठंडे पानी की बोतलें और शरबत वितरित किए गए। इस आयोजन से समाज में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिला। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सक्ती के सदस्यों ने बताया कि वे हर साल इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस अवसर पर चेम्बर के शंकर लाल अग्रवाल, श्यामलाल बंसल, सुभाष गर्ग, सुंदर कथूरिया, हरिओम अग्रवाल, मुकेश बंसल, मनीष कथूरिया,पवन सराफ, कैलाश खेतान,अतिश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुनील कृपलानी, सुधीर सराफ, अनुराग जिंदल, गजेंद्र डालमिया, गोपाल कथूरिया,टिंकल जिंदल, आलोक सराफ,प्रकाश अग्रवाल अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अंगीकार का किया गया आयोजन

**बाराद्वार।** प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 2.0 के अंतर्गत अंगीकार 2025 का आयोजन किया गया। इस योजना का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा 4 सितम्बरसे 31 अक्टूबर तक अंगीकार 2025 नामक अंतिम छोर तक पहुंचने वाला व्यापक जन जां ग रू क ता अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने अंगीकार 2025 पर जानकारी देते हुए कहा पीएमएवाय-यू 2.0 के बारे में जागरूकता बढ़ाना, नए हितग्राहियों के आवेदनों को तीव्रता से सत्यापित करना तथा सरकार की अन्य योजनाओं के समन्वय को बढ़ावा देगा। नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने कहा यह अभियान समुदाय आधारित सक्रिय भागीदारी, लक्षित संवाद, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ भी पीएमएवाय-यू लाभार्थियों तक पहुंचाना तथा आवासीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है। कार्यक्रम में लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अधिकारी पुनीत वर्मा, वार्ड नंबर 10 पार्षद अजय सिंह राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि भरत कर्ष सीएलटीसी नीलिमा साहू, सामुदायिक संगठक सुनीता राठौर, आर्किटेक नरेश साहू ,आवास मित्र दीपक साहू, छतराम भैना, संतोष साहू,सचिन शर्मा,अर्चना गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## पूर्व अनुभव को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य किया साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

- शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में किया गया एल्यूमिनी मीट का आयोजन

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में 20 सितंबर को छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर एल्यूमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. जी सी भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रकांत तिवारी सदस्य छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि सह एल्यूमिनी के रूप में गौरव केसरवानी सहित विभिन्न एल्यूमिनी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य प्रो.ओंकार प्रसाद महिपाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो संजीव सिंह के द्वारा एल्यूमिनी के महत्व एवं उद्देश्य पर चर्चा की गई। उसके पश्चात समस्त एल्यूमिनी को मंच पर आमंत्रित किया गया और उनके द्वारा उनके पूर्व अनुभव को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मध्य साझा किया गया। मुख्य अतिथि चंद्रकांत तिवारी ने कॉलेज के इतिहास के बारे में चर्चा की तथा छात्र-छात्राओं को दिशा निर्देश दिया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य . डॉ जी सी भारद्वाज के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एल्यूमिनी मीट आदि के बारे में गहन चर्चा किया गया। प्रो. पुनाराम नवरत्न के द्वारा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए अनेक प्रेरक बातों से उत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों तथा एल्युमिनी को भेंट प्रदान किया गया। साथ ही कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. जी एन भतपरे , प्रो. सी. बी खुंटे , प्रो. अनिल कुमार नेताम,प्रो मदाकिनी चन्द्रा, प्रो शानू अग्रवाल एवं महाविद्यालय के स्टाफ कार्यक्रम पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के सदस्य प्रोफेसर रमेद्र लहरें के माध्यम से किया गया एवं अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि एवं उपस्थित छात्र-छात्राएं।

### जगह-जगह विराजी मां दुर्गा, हो रहा भजन-कीर्तन

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा में इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। ग्राम के विभिन्न मोहल्लों, चौराहों और मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना की गई है। इस बार कुल 6 से अधिक स्थानों पर देवी दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं, जहां भक्तजन सुबह-शाम पूजा अर्चना, आरती और भजन-कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। स्थानीय युवाओं द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण किया गया है। प्रत्येक पंडाल की अपनी एक अलग थीम और सजावट है, जो दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। बिजली की रोशनी, रंग-बिरंगे फूलों और पारंपरिक वस्त्रों से सजी देवी की मूर्तियां पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर रही हैं। मां दुर्गा के दर्शन हेतु ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है। युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रामलीला, गरबा नृत्य, झांकी प्रतियोगिता और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।



## भाजपा नगर मंडल ने किया दिव्यांगों और विशिष्ट जनों का सम्मान

**अकलतरा।** भारतीय जनता पार्टी अकलतरा नगर मंडल के कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम बरगंवा मे दिव्यांग जनों और विशिष्ट जनों का अंगवस्त्र, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ही विकलांग शब्द के् स्थान पर दिव्यांग शब्द दिया और उनके आत्म विश्वास को बढ़ाने का काम किया है उन्होंने बताया कि विद्यालयों मे आज जो रैंप बनाना अनिवार्य कर दिया है वह भी मोदी जी की ही सोच है ताकि दिव्यांग विद्यार्थी सुगमता से कक्षा तक पहुंच सके। इस प्रकार मोदी जी ने लगातार दिव्यांगो की बेहतरी के लिए कई काम किये है। विशिष्ट अतिथि जिला महामंत्री नंद चौधरी ने कहा कि इस सभा मे उपस्थित विशिष्ट जनों के त्याग, निष्ठा और मेहनत की वजह से ही नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है जो लगातार देश के अंतिम व्यक्ति के विकास की योजना बनाकर काम रही है। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान ने एवं आभार प्रदर्शन पंकजनी धींवर ने किया। इस अवसर पर महामंत्री गोवर्धन साहू, सुमित सिंह चंदेल, जनपद सदस्य महेंद्र ध्रुवे, गोमती कंवर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव, गोरेलाल कुंभकार, रोहित डाक्टर, पार्षद दिनैश दास, विकास भारद्वाज सहित 31 दिव्यांग जन एवं 30 विशिष्ट जन उपस्थित थे जिनका सम्मान किया गया।



सम्मान करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए , बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए सहित अन्य पाठ्यक्रमों में छात्र प्रवेश ले सकते है।




## रजत जयंती पर लिया स्वच्छता का संकल्प, किचन गार्डन में किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया (बम्हनीडीह) में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई, विद्यालय में शिक्षकों की सहायता से स्वच्छता, एक दिन एक घंटा एक साथ श्रमदान का आयोजन, समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए शनिवार को आयोजित किया गया।

स्वच्छता अभियान में कर्मचारी व छात्र-छात्राएं ने मिलकर श्रमदान कर साफ सफाई की और उपस्थित सभी को शपथ दिलाई गई कि वह न केवल स्वयं सुरक्षित रहेंगे बल्कि अपने गांव को भी सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाएंगे। इस अवसर पर उमेश दुबे, पिताम्बर प्रसाद कश्यप कैलाश खूंटे व विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने कहा कि स्वच्छता के साथ ही हरियाली को भी बढ़ावा देने के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया के प्रांगण में फलदार, छायादार पौधे का रोपण भी किया गया है।इस अवसर पर पिताम्बर प्रसाद कश्यप ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली ही गांव की पहचान है यदि प्रत्येक छात्र छात्राओं व नागरिक किसी भी स्थान में गंदगी नहीं फैलाएगा और पेड़ पौधों की देखभाल करेगा तो आने वाले वर्षों में यह एक आदर्श ग्राम के रूप में पहचाना जाएगा।




स्कूल की साफ सफाई करते बच्चे।





